तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

12 बरसाती सीजन से पहले सभी नाले साफ करने के निर्देश



12 अदालतों में मजबूती से पैरवी करें लॉ ऑफिसर्स



## खबर संक्षेप

### राजकीय स्कूल शाहपुर से सामान चोरी, केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव शाहपुर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चोरी की वारदात हुई। चोर, स्कूल से छह पतीले, छह ढक्कन, दो बड़े सिल्वर तस्ले, दो पीतल के पतीले, 40 स्टील थाली और 50 स्टील चम्मच, दो बड़ी सिल्वर परात, एक कढ़ाई, दो पलटे और दो स्टील बाल्टी चोरी कर ले गए। स्कूल के प्रभारी दिनेश की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कलेक्शन एजेंट से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव नांगलखेड़ी के पास कलेक्शन एजेंट से चाकू के बल पर 26 लाख रूपए की लूट के तीसरे आरोपी मुस्ताक उर्फ मुस्तफा निवासी बराही, पाटन, गुजरात को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि लूट के इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में गुजरात के पाटन जिला के गांव भदरडा निवासी जयेश हाल किरायेदार हुडा सेक्टर 12, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है। जयेश से गत वर्ष 25 जून को लूट की गई थी।

### अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में युवक काबू

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस की टीम ने बुधवार को गांव शेरा में आदर्श पुत्र सुभाष चंद्र पाल निवासी चचा संडा, कन्नौज, उत्तर प्रदेश को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में पकडा। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध 85 बोतल अवैध देसी व अंग्रेजी शराब व 13 बोतल बीयर बरामद की गई। आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत थाना मतलौडा में केस दर्ज किया गया है।

### बराना में मकान से नगदी व गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत में गांव बराना निवासी बंसी के घर से चोरों ने करीब सवा लाख रूपये कीमत की सोने से बनी चेन, 60 हजार रुपए की नगदी व मोबाइल फोन सैट चोरी कर लिया। बंसी की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, चोरी की इस वारदात से गांव बराना में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### अहर के कार्यवाहक सरपंच बने रवि

**इसराना।** जिला पानीपत के ब्लाक इसराना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में समाज कल्याण पंचायत अधिकारी ज्योति की अध्यक्षता में गांव अहर ग्राम पंचायत के सदस्यों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से रवि पंच को कार्यवाहक सरपंच गया है। उल्लेखनीय यह है कि गांव अहर में ग्राम पंचायत चुनाव में फर्जी वोटिंग की गई थी जिसमें पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने चुनाव को अवैध घोषित किया गया था। सरपंच पद का चुनाव होने तक रवि गांव का कामकाज देखेंगे।

### कुरुक्षेत्र में योग का महाकुंभ कल से

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में संस्थान के हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के योग साधना केन्द्रों के प्रमुखों के लिए गांव मिजार्पुर स्थित योगाश्रम में दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर 19 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि इस योग प्रशिक्षण शिविर में पंजाब प्रांत से 300, चंडीगढ़ से 130 तथा हरियाणा से लगभग 250 केंद्र प्रमुख भाग लेंगे। ये प्रशिक्षित केंद्र प्रमुख व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर आम जनता के लिए निःशुल्क हड्डी व जोड़ रोग निवारण शिविरों का आयोजन करेंगे। संस्थान द्वारा देश-विदेश स्थित योग साधना केन्द्रों पर निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## मंडी में जांच के दौरान कई जगह गेहूं के तौल में भारी अंतर पाया गया

# गेहूं तौल में गड़बड़ी पर प्रशासन सख्त सीएम फ्लाइंग की मंडी में छापेमारी

### संबंधित फर्मों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू

कमल धीमान ▶▶| घरौंडा

घरौंडा की अनाज मंडी में गेहूं की तौल में भारी गड़बड़ी की शिकायतों के बाद प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। वीरवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते (सीएम फ्लाइंग) ने घरौंडा अनाज मंडी में औचक निरीक्षण किया और कई दुकानों पर गेहूं के कट्टों का तौल चेक किया।

- मंडी में गेहूं की आवक अपने चरम पर

जांच के दौरान कई जगहों पर तौल में भारी अंतर पाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने संबंधित फर्मों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है।



करनाल। घरौंडा मंडी में सीएम फ्लाइंग द्वारा की जा रही तौल की जांच।

### सरकारी एजेंसियों से मिलीभगत का शक

इस समय मंडी में गेहूं की आवक अपने चरम पर है और प्रतिदिन हजारों क्विंटल गेहूं की खरीद-बिक्री हो रही है। ऐसे में आरोप लग रहे हैं कि कुछ आढ़ती सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। न केवल घरौंडा, बल्कि जिले की अन्य मंडियों में भी तौल में अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही हैं। इस कार्रवाई को किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन की इस तत्परता से यह संदेश गया है कि मंडी में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### जांच में तेजी

सीएम फ्लाइंग द्वारा की गई इस छापेमारी के बाद मार्केट कमेटी ने भी अपनी ओर से जांच तेज कर दी है। मार्केट कमेटी के सचिव चंद्र प्रकाश ने बताया कि मंडी में तौल की गड़बड़ी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बीते दो दिनों से हमारी टीम भी लगातार निरीक्षण कर रही है और अब सीएम फ्लाइंग ने भी कार्रवाई की है। जिन फर्मों में गड़बड़ी पाई गई है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### टीम के आते ही अनाजमंडी में मचा हड़कंप

जैसे ही सीएम फ्लाइंग की टीम अनाजमंडी में पहुंची, उसके आने की खबर लगते ही देखते आढ़तियों में अफरा-तफरी मच गई। टीम ने मंडी में प्रवेश करते ही एक के बाद एक दुकानों पर छापेमारी की। विशेष रूप से पलटी नम्बर 6 पर अशोक कुमार की फर्म पर जांच के दौरान दो दर्जन कट्टों का तौल किया गया, जिनमें कई कट्टों में गेहूं की मात्रा तय मानक से कम, जबकि कुछ में अधिक पाई गई। एक कट्टे में तो सिर्फ 52 किलोग्राम गेहूं ही मिला, जबकि मानक के अनुसार यह मात्रा 50 किलो 600 ग्राम से अधिक नहीं होनी चाहिए थी।

# बिस्कुटों से भरे चलते कंटेनर में आग लगी



तरावड़ी। शामगढ़ के पास कनटेर से जले बिस्कुट बाहर निकालते हुए मजदूर।

- दमकल विभाग ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बिस्कुटों से भरे चलते कंटेनर में आग लगने का समाचार है। लाखों का बिस्किट जलकर राख हो गया। रात्रि एक बजे के आसपास गांव शामगढ़ जीटी रोड पर रुद्रपुर उत्तराखंड से ब्रिटानिया बिस्किट लोडकर अम्बाला के लिये निकला था। करनाल से निकलने के बाद जीटी रोड शामगढ़ के पास कंटेनर में आग लग गई।

आग इतनी भयानक थी कि कंडक्टर साइड के दोनों टायर भी जलकर राख हो गए। गनीमत यह रही की जान माल का नुकसान नहीं हुआ। पास के होटल के लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को दी। मौके पर फायर ब्रिगेड गाड़ी तरावड़ी से पहुंची। एक गाड़ी से आग पर काबू नहीं पाया गया दूसरी गाड़ी नीलोखेड़ी से बुलाई गई। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कंटेनर के ड्राइवर भूपेश सिंह ने बताया कि रुद्रपुर से उत्तराखंड ब्रिटानिया कंपनी का बिस्किट लोड करके अंबाला के लिए निकले रहे थे और जीटी रोड पर करनाल निकालने के बाद शामगढ़ के पास यह घटना हो गई। जिसमें लाखों का बिस्किट जल कर राख हो गया और किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

# लिंगानुपात में कुरुक्षेत्र ने प्रदेश में हासिल किया पांचवां स्थान : डा सुखबीर सिंह

- जनवरी से मार्च तक तीन महीने में इस सुधार को हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक एवं जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि जिला ने लिंगानुपात मामले में काफी सुधार किया है। अब कुरुक्षेत्र जिला 964 लिंगानुपात के साथ प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, जोकि 17 जिलों से ज्यादा है। जनवरी से मार्च तक तीन महीने में इस सुधार को हासिल किया है।

इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने काफी मेहनत और लगन से कार्य किया है। इस दौरान विभाग की टीम ने रेड के बाद पुलिस को शिकायत देकर तीन मामले दर्ज करवाएं हैं और ए क अल्ट्रासाउंड मशीन को भी सीज किया है।



जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह

उन्होंने बातचीत करते हुए कहा कि जिला में वर्ष 2024 में 7444 मेल और 6794 फीमेल जन्म होने पर 913 लिंगानुपात के साथ कुरुक्षेत्र जिला प्रदेश में 12वें स्थान पर रहा था।

जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस पर गंभीरता से काम किया और आस-पास के जिले और प्रदेश से बाहर उत्तर प्रदेश में भी रेड की। इनमें टीम ने सहारनपुर यूपी, थानेसर और गांव मानस जिला कैथल में रेड करनाल शामिल है। तीनों मामले में संबंधित थाना पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज भी करवाया है।

### 26 केन्द्रों की जांच

टीम ने अब तक 26 केन्द्रों की जांच भी पूरी कर ली है। जिसके परिणाम स्वरूप इन तीन महीनों में 1764 मेल और 1700 फीमेल ने जिला में जन्म लिया। इससे जिला का लिंगानुपात सुधार कर 964 पर पहुंच गया। इस स्थिति को बरकरार रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिला में जिस क्षेत्र या गांव में सुधार की जरुरत हैं, वहां पर फोक्स ज्यादा करने के निर्देश दिए।

# श्रीकृष्ण आयुष विवि के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आएंगे

- दीक्षांत समारोह हमारे लिए ऐतिहासिक क्षण, पूरी गरिमा और शिष्टता से मनाएंगे : प्रो. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि प्रथम दीक्षांत समारोह हमारे विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक क्षण है। हम इसे पूरी गरिमा व शिष्टता के साथ मनाएंगे। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं।

उन्होंने 18 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह से जुड़ी हर इकाई से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि पहले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। समारोह की रिहर्सल भी की गई है, जिसमें कार्यक्रम का बारीकी से पूर्वाभ्यास किया गया। समारोह नवनिर्मित मल्टीपरपज हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर वैद्य बिजेंद्र सिंह तोमर, प्रोफेसर आशीष मेहता, डीन ऑफ एकेडमिक डॉ. जितेश कुमार पंडा, प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र खुराना, प्रॉक्टर प्रोफेसर राजा सिंगला, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. राजेंद्र चौधरी, उप कुलसचिव विकास शर्मा एवं सहायक कुलसचिव अतुल गोयल आदि मौजूद रहे।



### मानद उपाधि से नवाजे जाएंगे वैद्य त्रिगुणा

गौरतलब है कि इस भव्य दीक्षांत समारोह की हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम बंडारू दत्तात्रेय अध्यक्षता करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा शिरकत करेंगे। इस समारोह में 126 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने के साथ-साथ 26 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल पहना कर सम्मानित किया जाएगा। खास बात ये है कि शासी निकाय राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली के अध्यक्ष पद्मभूषण वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा को मानद उपाधि से नवाजा जाएगा।

# पानीपत तहसील में फर्जी रजिस्ट्री तहसीलदार ने केस दर्ज करवाया

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय स्थित तहसील में फर्जी रजिस्ट्री के मामले का खुलासा हुआ है। थाना सिटी पुलिस की जांच में पता चला कि न्यू रमेश नगर में हुडा सेक्टर 18 निवासी मोना का 60 वर्ग गज का प्लाट था, जोकि मोना ने फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर गुड्डी नाम की महिला को बेच दिया।

- थाना सिटी पुलिस ने जांच शुरू की

गुड्डी ने फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर ही प्लाट प्रॉपर्टी डीलर दीपक गांधी को बेच दिया। दीपक गांधी ने प्लॉट को दिल्ली के रवि को सेल कर दिया। इसके बाद रवि ने रजिस्ट्री कराने की बात की तो मोना ने रजिस्ट्री करवाने से मना कर दिया। रजिस्ट्री के लिए दिल्ली निवासी रवि के जानकार संजय वर्मा ने अजय नामक टाइपिस्ट से मिलकर कॉलोनी की ही रहने वाली पिंकी को लालच देकर मोना की जगह तहसील लेकर आया और मोना की जगह खड़ा कर फोटो करवा कर रजिस्ट्री करवा ली गई। इसमें सम्मिलित नंबरदार राजू द्वारा महिला की शिनाख्त भी नहीं की गई। वहीं तहसील कंप्यूटर ऑपरेटर ने भी फोटो खींचा और रजिस्ट्री कर डाली। ऑपरेटर विक्रम रोड ने भी महिला के डॉक्यूमेंट तक चेक नहीं किए। पानीपत के तहसीलदार वीरेंद्र गिल को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल थाना सिटी में इस मामले की शिकायत दी।

# घर में सो रहे पिता-पुत्र पर किया जानलेवा हमला

**अंबाला।** पिता-पुत्र जानलेवा हमले में जख्मी हो गए। यह हमला तब हुआ जब पिता-पुत्र दोनों साथ में सो रहे थे। इसी दौरान 6-7 बदमाश उनके घर में घुस आए और वारदात को अंजाम दिया। जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया और ग्रामीणों को इकट्ठा होता देख बदमाश उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घायलों का मेडिकल कराया गया है। पंजोखरा थाना क्षेत्र निवासी मायाराम ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 16 अप्रैल की रात को वह अपने बेटे के साथ सो रहा था। इसी दौरान गांव का ही हिरमनदीप उर्फ लख अपने छह साथियों के साथ घर में घुस आया और उन पर हमला करने का प्रयास किया। इस दौरान पिता-पुत्र ने शोर मचाया और ग्रामीण इकट्ठा होने लगे, जिस पर हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गोरक्षक को पीटने वाले एएसआई व एचसी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में हरिद्वार हाईवे पर उत्तर प्रदेश की सीमा के निकट यमुना नदी के सनौली नाका पर पुलिस टीम द्वारा गौरक्षक करण को सरेआम चोटी पकड़कर घसीटने, जबरन पुलिस वाहन में बैठाने, अपशब्द कहने आदि के मामले में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने चार पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की है।

डीएसपी हैड क्वार्टर सतीश वत्स ने बताया कि गौरक्षक करण के साथ अभ्रदता किए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने सनौली नाका के प्रभारी एएसआई शिव कुमार, ईआरवी-348 के प्रभारी हैड कांस्टेबल सुशील को पद से निलंबित कर दिया और इनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। वहीं हरिद्वार हाईवे पर सनौली नाके के पास तैनात ईआरवी-348 पर तैनात स्पेशल पुलिस आफिसर यानि एसपीओ सकंद को पद मुक्त कर दिया। जबकि ईआरवी-348 के चालक पर एचकेआरए के तहत तैनात ड्राइवर कुलदीप को जहां ड्यूटी से हटा दिया गया, वहीं कुलदीप को पद मुक्त करने की विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

- एसपीओ सेवा मुक्त, चालक को पुलिस विभाग से कार्य मुक्त करने की प्रकिया शुरू

डीएसपी वत्स ने बताया कि गौरक्षक करण की चोटी पकड़ कर उसे घसीटते हुए पुलिस वाहन में जबरन बैठाने, मारपीट करने, अपशब्द कहने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जांच में प्रथम दृष्टी पुलिस अधिकारी एएसआई शिव कुमार, हैड कांस्टेबल सुशील, एसपीओ सकंद व चालक कुलदीप दोषी पाए थे। उन्होंने साफ किया कि जनता से अभ्रदता को पुलिस विभाग सहन नहीं करेगा और दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## तीन योजनाओं के आधार पर मिलेगी कुल 6,469 कब्जाधारकों को राहत

# सरकारी जमीन के कब्जाधारकों को मालिक बनाने की तैयारी

- पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में 28 अप्रैल को होगी सुनवाई
- नगर परिषद सचिव बोले, सरकार हाईकोर्ट में रखेगी अपना पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सालों से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे 6,469 लोगों को अब अंबाला सदर नगर परिषद की ओर से जमीन के मालिक बनाने की तैयारी हो रही है।

इसके के लिए तीन प्रकार की योजनाएं तैयार की गई है। पहले लीज के आधार पर लोगों को जगह उपलब्ध करवाई जाएगी। दूसरा ओल्ड ग्रांट नियम के आधार पर और तीसरा अतिक्रमण की जगह का निर्धारण करके उसे कब्जाधारक के हवाले किया जाएगा। इन योजनाओं के तहत भूमि पर रहने वाले व्यक्ति को कलेक्टर रेट के हिसाब से सरकार को पैसे जमा करवाने होंगे। लीज योजना के तहत मौजूदा कलेक्टर रेट के तहत अवैध निर्माण करने वाले से पैसे लिए जाएंगे। ओल्ड ग्रांट योजना के तहत आधी दर पर कलेक्टर रेट का निर्धारण किया जाएगा।

दूसरी योजना के तहत अवैध अतिक्रमण के हिस्से को वैध में बदलने के लिए दो गुना कलेक्टर रेट के हिसाब से संबंधित भूमि पर रहने वाले व्यक्ति से पैसा लिया जाएगा। हालांकि इन तीनों योजनाओं पर अंतिम मोहर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर ही लगेगी कि किस योजना को आमजन के लिए लागू किया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### चार भागों में बंटा है यह क्षेत्र

सदर क्षेत्र में अनधिकृत रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा जमाए 6469 कब्जाधारियों को नगर परिषद की तरफ से नोटिस दिए गए हैं। कब्जाधारियों से जुड़ी जमीन को चार हिस्सों में बांटा गया है। इसमें ओल्ड ग्रांट भूमि, लीज की भूमि, लीज खत्म वाली भूमि और सरकारी भूमि शामिल है।

### अतिक्रमण की सूची

ओल्ड ग्रांट पर दी भूमि के 48.19 एकड़ पर 5094 लोगों ने अवैध कब्जा किया है। इसी प्रकार लीज पर दी भूमि के साथ खाली पड़ी 1.30 एकड़ पर 102 लोगों की ओर से अवैध कब्जा किया है। वहीं, विभिन्न स्थानों पर लगभग 29.45 एकड़ खाली सरकारी भूमि पर 1194 लोगों की ओर से कब्जा किया है। जबकि वर्ष 2003 में नियमित की 13 कॉलोनियां में खाली 7.18 एकड़ भूमि पर 124 लोगों ने कब्जा किया है।

### समाप्त हो चुकी लीज

इसमें सरकार की ओर से समय-2 पर गैर कृषि कार्यों के लिए 97.41 एकड़ भूमि लीज पर दी गई थी, इसमें से 72.76 एकड़ भूमि व 224 प्रॉपर्टी की लीज समाप्त हो चुकी है और 130.21 एकड़ भूमि जोकि 45 लोगों को कृषि के काम के लिए लीज पर दी थी, उसकी लीज भी काफी समय पहले समाप्त हो चुकी है। बता दें कि वर्ष 1977 में भारत सरकार की ओर से छावनी में कुल 1066 एकड़ भूमि को अंबाला कैंटोनमेंट से हटाकर हरियाणा सरकार और नगर परिषद अंबाला सदर को स्थानांतरित की थी। इसमें से काफी भूमि लोगों को रहने के लिए ओल्ड ग्रांट और लीज ग्रांट पर दी थी। इस पर समय बीतने के साथ-साथ काफी लोगों ने उपरोक्त के अतिरिक्त खाली भूमि पर भवन बनाकर स्थायी कब्जा कर लिया। संपदा अधिकारी एक्साइज एरिया छावनी के कार्यालय से ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त सरकारी भूमि से संबंधित एक केस पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में विचाराधीन था। इसमें 19 जनवरी 2024 को न्यायालय की ओर से उपरोक्त 1066 एकड़ भूमि का सर्वे करने और अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बारे में आदेश जारी किए थे।

### तीन योजनाएं तैयार

इस मामले की 28 को सुनवाई तय है। सरकार हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। लोगों को राहत देने के लिए तीन योजनाएं तैयार की गई हैं। आगे जो भी कोर्ट से निर्देश मिलेंगे, उसके आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।
**- राजेश कुमार**, सचिव नगर परिषद सदर, अंबाला।

### दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर में दो बाइकों के भिडंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव फिरोजपुर राईयां निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही वीरेंद्र सिंह उर्फ सन्नी बाइक पर किसी काम से गया था। रात को करीब साढ़े आठ बजे जब वह घर लौट रहा था तो गांव असगरपुर के पास उसकी बाइक को सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वीरेंद्र सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

*नगर पालिका के चेयरमैन एवं नगर पार्षदों की पहली बैठक*

# नगरपालिका की बैठक में शहर से संबंधित विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों को लेकर हुई विस्तार से चर्चा

- रामकुमार कश्यप ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। नगरपालिका कार्यालय इंद्री के सभागार में बैठक करते विधायक रामकुमार कश्यप । फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कार्यालय इंद्री के सभागार में नवनिर्वाचित नगर पालिका के चेयरमैन एवं नगर पार्षदों की पहली बैठक का आयोजन किया गया गया। इस बैठक में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने शिरकत करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष व नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक में विधायक ने कहा कि जनता ने पूरे विश्वास के साथ हमें अपना जनप्रतिनिधि चुना हैं और हम सभी का यह दायित्व बनता है कि जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए इंद्री शहर के विकास में सभी आपसी तालमेल के साथ विकास कार्य करवाए ताकि जनता को इन विकास कार्यों का लाभ मिल सकें। नगरपालिका सचिव धर्मबीर ने बैठक में शहर से संबंधित विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों को रखा, जिस पर बैठक में विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया और सभी से सुझाव मांगे गए।

बैठक में सभी नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने अपने वार्ड-में होने वाले विकास कार्यों के बारे विधायक रामकुमार कश्यप को जानकारी दी, और इन विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग भी रखी। विधायक ने सभी पार्षदों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा विकास कार्यों से संबंधित रखी गई मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के जिस वार्ड में विकास कार्य होने हैं, उस वार्ड के पार्षद लिखकर कर नगर पालिका सचिव को दें ताकि उस विकास कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाए।

**बैठक में यह रहे मौजूद**

इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष राकेश पाल, नगरपालिका सचिव धर्मबीर, नगरपालिका इंजीनियर सुरेंद्र दहिया, लेखाकार हाकम सिंह, जयपाल, पार्षद गुरइकबाल सिंह, अनिल कुमार, गुरमीत सिंह, प्रिंस सैनी, कवलजीत सिंह, बलकार सिंह, रिंकू खन्ना, वीना रानी, शशि कांता सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहें।

# संयुक्त निदेशक सांख्यिकी ने किया गेहूं फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



*औसत पैदावार से कम पैदावार वाले बीमित किसानों को नुकसान पर मुआवजा दिया जाता है*

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ वजीर सिंह ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन में गेहूं फसल के कटाई प्रयोगों का कार्य चल रहा है, जिसके आधार पर हर गांव की औसत फसल पैदावार निकाली जाती है। इस औसत पैदावार के आधार पर ही संभावित उत्पादन का अनुमान लगाया जाता है। इसके साथ-साथ इस औसत पैदावार से कम पैदावार वाले बीमित किसानों को हुए नुकसान पर फसल का मुआवजा दिया जाता है।

इसी के दृष्टिगत वीरवार को कृषि विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक सांख्यिकी डॉ राजीव कुमार मिश्रा ने कृषि विभाग, करनाल के अधिकारियों के साथ जिले में चल रहे फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपनी उपस्थिति में ही गांव रायपुर रोडान (44) खण्ड नीलोखेड़ी तथा खण्ड करनाल के गांव सुहाना (94) व कम्बोपुरा (02) में फसल कटाई प्रयोगों का कार्य पूर्ण करवाया। उन्होंने जिले के विभिन्न गांवों में किसानों से बातचीत कर गेहूं कटाई के कार्य से संबंधित किसी भी तरह की समस्या के बारे में जाना व कृषि कार्य से संबंधित विभिन्न सुझाव भी किसानों को दिए। इस मौके पर उनके साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक सांख्यिकी अधिकारी डा सुनील कुमार व खण्ड कृषि अधिकारी नीलोखेड़ी डॉ रामपाल, खण्ड कृषि अधिकारी करनाल डॉ गौरव मैहला, सांख्यिकीय सहायक पंकज कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जेल लोक अदालत का किया गया आयोजन

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन के समक्ष 8 मामले रखे गए। बता दें कि इनमें से 7 मामलों का निपटारा कर 5 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। सुश्री इरम हसन ने जेल मे रह रहे बंदियों को मुफ्त कानूनी सेवाओं से अवगत करवाया और उनको प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।



इरम हसन

### एक मई को मां भगवती जागरण का आयोजन

**करनाल।** छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से सूर्य मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। कार्यक्रमों का आयोजन एक और दो मई को किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता व असंध विधायक योगेंद्र राणा को आमंत्रित किया गया है। सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश यादव और अन्य पदाधिकारियों ने विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेणु बाला गुप्ता के निवास पर पहुंचकर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। प्रधान सुरेश यादव ने बताया कि एक मई को मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। रात नौ बजे पावन जोत प्रज्जवलित की जाएगी। दो मई को सुबह नवग्रह पूजा की जाएगी। इसके बाद ध्वजारोहण किया जाएगा। दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सूर्य मंदिर का यह 23वां स्थापना दिवस समारोह होगा। कायक्रमों में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व शैक्षणिक शख्सियतों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को स्वामी ज्ञानानंद जी, स्वामी मुक्तानंद जी महाराज व स्वामी प्रेममूर्ती का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, पूर्व अध्यक्ष बृज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व ओएसडी संजय बठला, पूर्व ओएसडी अमरेंद्र सिंह व पार्षद सुधीर यादव शिरकत करेंगे।

- नशा मुक्त हरियाणा बनाने में सरकार के साथ-साथ समाज की भी सक्रिय सहभागिता जरूरी : जगमोहन आनंद

# ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर करनाल पहुंची साइक्लोथॉन यात्रा



## विधायक जगमोहन आनंद ने किया भव्य स्वागत, नशा मुक्ति का संकल्प

- छात्रों ने नशा मुक्ति विषय पर नाटक का मंचन किया और छात्राओं ने गीत प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम की श्रृंखला में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से निकाली जा रही साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा वीरवार को प्रातः जिला के असंध हल्के के गांव कुताना, मूनक, गगसीना, स्टौंडी, घोघड़ीपुर से होते हुए सायं के समय करनाल शहर में पहुंची।

करनाल में पहुंचने पर विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एक अनूठी पहल की गई जिसमें प्रबुद्ध वर्ग और युवाओं ने लोटे में नमक डालकर ड्रग्स फ्री हरियाणा का संकल्प लिया। साइक्लोथॉन यात्रा के स्वागत में नशा मुक्त हरियाणा थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड के छात्रों द्वारा 'नशा मुक्ति' विषय पर नृत्य व समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल के छात्रों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर नाटक का मंचन व छात्राओं द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया।

### युवाओं को नशा छोड़ने को किया प्रेरित

इसके साथ ही युवाओं को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करते हुए स्वयं नशा छोड़ चुके करनाल के बलवंत राय चावला, खेड़ी नरू के चंदर सिंह व पधाना के रमन ने अपने-अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जगमोहन आनंद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदेश को नशा मुक्त करने का जो सपना देखा था, उसे वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से 'नशा मुक्त हरियाणा' के उद्देश्य से साइक्लोथॉन यात्रा प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंचकर जन-जन तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचा रही है। उन्होंने नशे को शरीर, धन और समाज के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि इन विषयों के प्रति समाज में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों में युवाओं तक पहुंचने चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा बनाने में सरकार के साथ-साथ समाज की भी सक्रिय सहभागिता जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जनता और युवाओं के मन में एक सकारात्मक संदेश जाता है।

**जगमोहन यमुनानगर के लिए करेंगे रवाना**

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद बतौर मुख्य अतिथि 'एक साइकिल यात्रा-नशा मुक्ति के नाम' नारे के साथ 18 अप्रैल को प्रातः एनडीआरआई चौक से साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को झंडी दिखाकर यमुनानगर के लिए रवाना करेंगे। इस मौके पर एनडीआरआई चौक पर ही आयुष विभाग की ओर से योगासन का अभ्यास करवाया जाएगा तथा खेल विभाग की ओर से विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित होंगी। इसके अलावा जिला रेड क्रॉस सोसायटी व स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि साइक्लोथॉन यात्रा एनडीआरआई चौक से शुरू होकर नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांव शामगढ़ से गुजरकर सलारू, इंद्री और खानपुर से होते हुए यमुनानगर जिले में प्रवेश करेगी। नीलोखेड़ी हलके में विधायक भगवानदास कबीरपंथी तथा इंद्री हल्के में विधायक रामकुमार कश्यप सहित भारी संख्या में लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर एडीसी यश जालुका, एसडीएम अनुभव मेहता, तहसीलदार कृष्ण कुमार, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गर्ग, डीएसपी नायब सिंह, डिप्टी सीएमओ सिम्मी कपूर, डीईओ सुदेश ठुकराल, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, यात्रा के संयोजक राजबीर शर्मा, अशोक सुखीजा, क्रिकेटर सुमित नरवाल, प्रियंका कटपाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, मदन गुर्जर, एमसी जोगिंदर, संजय राणा सहित भाजपा के कार्यकर्ता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया भव्य स्वागत आज विधायक करेंगे रवाना

**घरौंडा।** हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से निकाली जा रही साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा ने गुरुवार को घरौंडा हल्के के मधुबन मण्डल के गांव घोघड़ीपुर में प्रवेश किया। यात्रा का यहां पहुंचने पर मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा व मण्डल टीम ने भव्य स्वागत किया। मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा डॉ अशोक जी के नेतृत्व मे घरौडा के मधुबन मंडल के गांव घोघडीपुर पहुंचने पर हार्दिक स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण इस यात्रा को शुक्रवार को एनडीआरआई चौंक पर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। बताया कि इस यात्रा का आमजन को बहुत महत्वपूर्ण संदेश मिल रहा है क्योंकि आज के समय में नशा प्रदेश के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। उन्होंने इस यात्रा का आमजन को संदेश देते हुए बताया कि नशे की वजह से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। यदि हमारे आस-पास कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा है, तो हमें उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे सही मार्ग पर लाने में मदद करनी चाहिए।

#### हम सब नशे के खिलाफ एकजुट हों

हम सब मिलकर नशे के खिलाफ एकजुट हो सकते हैं और अपने समाज को इस नशे की समस्या से मुक्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सुभाष कश्यप, महामंत्री सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, अशोक कम्बोज, सुनील कबीरपंथी, सरपंच संगीता देवी,अशोक शर्मा,राजेन्द्र सिरसी मौजूद रहे।

*एसई धर्मवीर को सौंपा ज्ञापन*

# एचएसवीपी कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में परिमंडल कार्यालयों के बाहर गेट मीटिंग की। करनाल में सेक्टर 12 में एचएसवीपी कार्यालय में गेट मीटिंग कर कर्मचारियों ने विरोध जताया। मीटिंग की अध्यक्षता सर्कल प्रधान सेवा राम बड़सर ने की व संचालन सुभाष शर्मा कुरुक्षेत्र ने किया। मांगों का ज्ञापन एचएसवीपी के एसई धर्मवीर मेहला को सौंपा गया। सर्कल प्रधान सेवाराम बड़सर ने कहा कि यूनियन के शिष्टमंडल ने बीते वर्ष दिसंबर में मुख्य प्रशासक के साथ वार्ता की थी। इस दौरान कई मांगों पर सहमति बन गई थी। खेद की बात है कि मीटिंग की प्रोसीडिंग ही अढाई महीने बाद जारी की गई और फैसलों को प्रोसीडिंग में सही ढंग से नहीं दर्शाया गया। इस कारण कर्मचारियों की आंदोलन की राह पर चलना पड़ा है। बीती आठ अप्रैल को पूरे प्रदेश में सभी कार्यालयों में गेट मीटिंग की गई थी। आज परिमंडल कार्यालयों पर प्रदर्शन करके मुख्य प्रशासक के नाम ज्ञापन सौंपे गए हैं। इसके बाद समाधान नहीं हुआ तो सात मई को पूरे प्रदेश के कर्मचारी पंचकूला में मुख्यालय का घेराव करेंगे।

**यह रहे मौजूद**

मौके पर करनाल प्रधान गुरविंदर सिंह, सचिव सुल्तान सिंह, जगाधरी प्रधान रविंद्र कुमार, राजकुमार राणा, कैथल से हिसम सिंह, गुरमेल सिंह, राजबीर सिंह, कुरुक्षेत्र जिला प्रधान धर्मपाल, सचिव ओमप्रकाश, अंबाला जिला प्रधान पवन कुमार, राम स्नेही, पवन राणा, सतपाल सिंह, कृष्ण कश्यप व सुभाष राणा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने घंटाघर चौक पर फूंका सोनिया और राहुल का पुतला

- सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने किया देश को गुमराह : प्रवीण
- कांग्रेस ने की यंग इंडिया संगठन की आड़ में अवैध रूप से हासिल की जमीन : रेणुबाला गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भगवान वाल्मीकि चौंक (घंटा घर चौंक) पर युवा मोर्चा के नेतृत्व में नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष शुभम गुप्ता के नेतृत्व में (भाजयुमो) ने नेशनल हेराल्ड केस को लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं के पुतले को आग के हवाले करते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी मुर्दाबाद' और 'चोर मचाए शोर' जैसे नारे लगाए गए। इसके साथ पुतले पर नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े पोस्टर भी लगाए गए। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने इस केस की जानकारी देते हुए कहा कि सोनिया और राहुल पर लगे घोटाले के आरोप उनकी ही सरकार में दर्ज किए गए थे। उन्होंने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी ने देश को गुमराह किया है, इसलिए भाजयुमो ने पूरे प्रदेश में उनके खिलाफ पुतला दहन किया। इस केस में बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में कांग्रेस के शासनकाल में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दाखिल कर सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि सभी ने घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को एक नकली संस्था 'यंग इंडियन लिमिटेड' बनाकर उसकी संपत्तियां हड़प ली।

# शिविर में किया लगभग 200 बच्चों के दांतों का चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 13 में निशुल्क शिविर आयोजित

भारत विकास परिषद माधव शाखा करनाल की महिला विंग की ओर से ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 13 में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। माधव शाखा की उपाध्यक्ष (महिला सहभागिता) सुजाता गुप्ता की देखरेख में लगाए शिविर में लगभग 200 बच्चों के दांतों का चेकअप किया गया। श्री हरि अस्पताल से पहुंची एमडीएस चाइल्ड स्पेशलिस्ट डा. बबीता अहलावत ने अपनी सेवाएं दी।

उन्होंने बच्चों के दांतों की जांच करने के बाद उनकी देखभाल करने के टिप्स दिए। डाक्टर ने बच्चों से कहा कि रोजाना ब्रश जरूर करें। ऐसी चीजों को न खाएं जो दांतों को खराब करती हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुजाता गुप्ता ने कहा कि सेवा प्रकल्प के तहत यह कैंप लगाया गया। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए माता-पिता भरसक प्रयास करते हैं। सामाजिक संस्थाएं इस तरह से कैंप लगाकर बच्चों के शारीरिक विकास में मदद करती हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के शिविर अलग-अलग स्कूलों में जाकर लगाए जाएंगे। स्कूल की प्रिंसिपल डा. जसजीत सूद ने कैंप लगाने पर भारत विकास परिषद माधव शाखा का आभार प्रकट किया।

शिविर में स्कूल प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा। माधव शाखा की उपाध्यक्ष (महिला सहभागिता) सुजाता गुप्ता ने प्रिंसिपल डा. जसजीत सूद और डा. बबीता अहलावत को स्मृति चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर डॉ. सुचेता गुप्ता और सरोज बाला मौजूद रहीं।

*उत्तर भारत का अपनी तरह का पहला बहुउद्देशीय इंजीनियरिंग प्रबंधन कालेज हैं कुरुक्षेत्र और करनाल के बीच में*

# गरीब के घर में शिक्षा के दीप को जलाने में अहम भूमिका निभा रहा आईआईईटी संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



- अंत्योदय की भावना के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक तकनीकी उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए संकल्पित
- जीटी रोड पर स्थित कालेज में अपनी तरह की सभीउच्च स्तर की तकनीकी सुविधाएं
- वाइस एकड़ में फै ला है ग्रीनरी के बीच पूर्णतया वातानुकूलित कैंपस, सभी तरह की ओपिन सुविधाएं

हरियाणा में पिछले सोलह सालों समाना समानी के पास जीटी रोड पर स्थित इंटरनैशनल इंस्टीट्यूटआफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी से दलित और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को तकनीकी और प्रबंधन के क्षेत्र उच्च शिक्षा लेने का सपना पूरा कर रहा हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबद्ध आई आई ई टी उच्च गुणवत युक्त रोजगार परक शिक्षा देने के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुका हैं। यहां पर हरियाणा ही नहीं विभिन्न प्रदेशों के बच्चे तकनीकी और प्रबंधन से संधित शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। जानकारी देते हुए इस कालेज के चेयरमैन रामशरण भोला ने बताया कि उनका शिक्षण संस्थान वाइस एकड़ में फैला हुआ हैं। जीटी रोड पर ग्रीनरी के बीच अपनी तरह का पहला कालेज हैं। जहां पर यहां पढने वाले बच्चों को रोजगार देने के लिए बाहर से प्रोफेशनल पंबंधन, आई टी, तकनीकी कंपनियां मंल्टीनैशनल कंपनियां आती हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनैशनल इंस्टीट्यूटआफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी में बीटैक मैंकेनिकल ,सिविल, इलेक्ट्रोनिक्स संड कम्यूनिकेशन ,कंप्यूटर साइंस इलेक्ट्रीकल तथा ओटोमोबाइल इंजीनियरिंग , एम.टैक सीएसई एमई, सीई इंजीनियरिंग , बीबीए बीसीए आई टीआई के पाठ्यक्रम संचालित हैं। उनके यहां इस क्षेत्र में अपनी तरह की पहली कम्यूनिकेशन लेब हैं। जहां पर गेट के साथ पर्सनेल्टी डिवेलेपमैंट के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के कोर्स के लिए तैयारियां करवाई जाती है उन्होंने बताया कि उनके यहां पर प्लेसमैंट सैल भी हैं। यहां पर जोब फेयर भी लगवाए जाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके यहां पर विशेष तौर पर सरकारी नौकरियों के साथ एचएसएससी, यूपीएससी तरह अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती हैं। कालेज में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कंम्प्यूटर, मैकेनिकल सिविल तथा अन्य संकायों की लेब के साथ एसी कैंपस हैं। यहां बाहरी से आने वाले विद्यार्थियों के लिए होस्टल भी ळें। यहां पर पढाने के लिए अनुभवी और उच्चशिक्षा प्राप्त हाई स्किल वाली फैकेल्टी हैं।

- भाकियू ने डीसी को सौंपी अनाज मंडियों में गड़बड़ी की रिपोर्ट

# किसानों के हितों की रक्षा करने में सरकारी तंत्र विफल: रतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों के एक शिष्टमंडल ने अनाज मंडियों में गत दिवस गेंहू तोल में पकड़ी गई गड़बड़ी के मामले को लेकर मिनी सचिवालय पहुंच कर डीसी व एडीसी से अलग अलग भेंट करके अवगत करवाया गया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने अधिकारियों से भेंट करने के उपरांत कहा कि अनाज मंडियों में चालू गेंहू खरीद सीजन के दौरान किसानों के हितों की पैरवी करने में सरकारी तंत्र विफल साबित हो रहा है। सरकारी तंत्र आराम से बैठ कर किसानों के लूटने का तमाशा देख रहा है। ऐसा लगता है कि किसानों की सुध लेने वाला कोई नही रहा है। मिनी सचिवालय परिसर में शिष्टमंडल में शामिल किसानों ने एकत्रित होकर किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगा कर जोरदार प्रदर्शन भी किया। किसान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भाकियू का एक एक कार्यकर्ता किसानों के हितों पर आंच नही आने देगा। गौरतलब है कि गत दिवस भाकियू के पदाधिकारियों की एक टीम ने करनाल व कुंजपुरा की अनाज मंडी में चल रहे गेंहू के तोल के कार्य को चेक किया था। सरकार की ओर से निर्धारित वजन से गेंहू के कट्टों में अधिक पाया गया था। रतनमान ने कहा कि सरकारी तंत्र द्वारा हररोज मंडियों में गेंहू खरीदी के संबंध में लगातार दौरे किए जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### ग्वालड़ा गांव में विकास कार्य ठप

**इसराना।** पानीपत के गांव ग्वालड़ा में सरपंच और पंचों के बीच चल रहा विवाद और गहरा गया है। वीरवार को खंड कार्यालय में होने वाली दूसरी बैठक अचानक रद् कर दी गई। बैठक की जानकारी सरपंच को मिल गई, लेकिन पंचों को नहीं दी गई। ग्राम पंचायत ग्वालड़ा के कुल 12 पंचों में से 9 पंच सरपंच के विरोध में हैं। वहीं गांव में चल रही पार्टीबाजी के कारण ग्वालडा ग्राम में विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। इससे ग्रामीण परेशान है।

### नशे के विरूद्ध संदेश दिया

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय के ड्रग एब्यूज सेल, एनएसएस और एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ड्रग्स फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा वर्ग इस प्रकार की रैलियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। विद्यार्थियों के साथ कॉलेज के प्राध्यापक मनीष नंदल और मोहित धीमान ने भी रैली में भाग लिया।

### श्रीमद् भागवत कथा को विराम दिया

**पानीपत।** राजपूत धर्मशाला में सात दिन तक चली श्रीमद् भागवत कथा का समापन हवन के साथ हो गया। जबकि वृंदावन से पधारे श्री बृजभूषण शरण ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। इस अवसर र सभा के प्रधान सुरेश राणा, वरिष्ठ उप प्रधान सतपाल राणा, मैनेजर वीरेंद्र राणा, कैशियर आनंदपाल राणा, ओमवीर राणा, विधाता राणा, बृजेश राणा, रजनेश ठाकुर, नरेंद्र राणा, देवीधर्म, रजवंती देवी, मिथलेश देवी, संजीव राणा, कुशल पाल राणा, ओमपति देवी व शमशेर राणा आदि उपस्थित रहे।

### माकपा ने सरकार का पुतला जलाया

**पानीपत।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी जिला कमेटी के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई के खिलाफ केंद्र व राज्य की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार का जीटी रोड लाल बत्ती के नजदीक विरोध स्वरूप पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर डॉ.सुरेंद्र मलिक, सुनील दत्त, राजपाल, जय भगवान, राजेंद्र, वेदपाल, नवीन सपडा, कर्मवीर, प्रवीण, सुशीला, सुनीता, बंटी व वीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी सोमभाई को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** खादी जगत के भीष्म पितामह, स्वतन्त्रता सेनानी, खादी ग्रामोद्योग आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य गुरूकुल कांगड़ी हरिद्वार के भूतपूर्व उप कुलपति व खादी आश्रम एवं विद्या भारती मॉडर्न स्कूल के संस्थापक स्व. सोमभाई की पुण्य तिथि की पूर्व संध्या पर खादी कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार से वीरवार की सुबह तक निरन्तर अखण्ड कताई की गई। उसके पश्चात उनकी स्मृति में खादी आश्रम के श्री सोमभाई हाल में संजय शास्त्री द्वारा हवन कर दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की गई।

### डीसी ने समीक्षा बैठक की

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने वीरवार को विभागों के अध्यक्षों के साथ सीएम विण्डों के सन्दर्भ में समीक्षा बैठक की। सीएम विण्डों से सम्बंधित समस्याओं का निष्तारण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि वे समस्याओं के समाधान को लेकर गम्भीर है व वे नही चाहते कि इन समस्याओं को लेकर सख्ताई से पेश आया जाए। उन्होंने सभी समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अण्डर टेकिंग करने व एटीआर की क्वालिटी चैक करने के निर्देश दिए।

### मंडियों में गेहूं की आवक में तेजी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 16 तक मंडियों में 190034.1 क्विंटल की कुल आवक हुई है व 165742.7 की खरीद हुई है और 59569.15 क्विंटल की अब तक लिफ्टिंग हुई है। डीसी ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है।

---

### शिक्षा मंत्री ने 84 गांव की पंचायतों को सम्मानित किया

# हरियाणा को नशा मुक्त करने को समाज का हर वर्ग आगे आए: ढांडा

### शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने साइक्लोथॉन यात्रा के यात्रियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा हरी झंडी दिखा कर साइक्लोथॉन यात्रा को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। साइक्लोथॉन यात्रा में साइकिल चला कर नशे के विरूद्ध संदेश देते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांड व भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आदि। फोटो :हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में ड्रग फ्री हरियाणा को लेकर निकाली जा रही साइक्लोथॉन-2.0 का जिला सचिवालय परिसर में पहुंचने पर प्रशासन की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने साइक्लोथॉन यात्रा के यात्रियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने 84 गांव की पंचायतों के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी प्रदान करके ड्रग फ्री कार्य में भूमिका निभाने पर सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर ओलंपियन सीमा बिसला और कॉमन वैल्थ गेम की ब्रांज मेडल विजेता पूजा गहलावत को शिल्ड देकर सम्मानित किया। परिसर में मौजूद सभी आयोजकों, खिलाड़ियों, व कॉलेज के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। शिक्षा मंत्री ढांडा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नशे को जड़ मुल से खत्म करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है।

साइक्लोथॉन यात्रा जहां-जहां से गुजर रही है वहां-वहां नशे को दूर करने का संदेश दे रही है। जिला प्रशासन भी नशे पर लगाम कसने को लेकर मुस्तेदी से कार्य कर रहा है। इस कार्य में लगातार सफलता हासिल हो रही है। कानून के माध्यम से भी नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे का जाल बुनने वाले समाज के दुश्मन हैं। इसके खिलाफ सरकार लड़ाई लड़ रही है। नशे जैसी बिमारी को जड़ मूल से खत्म करने के लिए समाज की भूमिका अहम रहती है। शिक्षा मंत्री ने नशे के खिलाफ जारी इस मुहिम में आह्वान किया कि युवा इस मुहिम का हिस्सा बनें व इस समस्या को बाहर निकालने के लिए दूसरों को भी प्रोत्साहित करें।

#### युवाओं को शपथ दिलवाई

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस नशे जैसे बुराई को समाप्त करने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से भी काबू पाया जा रहा है। वहीं शिक्षा मंत्री ने युवाओं को शपथ दिलवाई। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि नशे पर लगाम लगाने को लेकर सरकार का प्रयास सार्थक रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, पानीपत एसडीएम ब्रहमप्रकाश के नेतृत्व में टोल प्लाजा तक पहुंची जहां अगले जिले के लिए यात्रियों ने रवानगी पकड़ी। राहगीरी के संयोजक संदीप जिंदल, फ्लाइंग क्लब की ओर से यात्रियों पर फूलों की वर्षा की गई।

---



पानीपत। पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षा मंत्री ने अंकनाद पहाड़े समावेश के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया

- आर्य कॉलेज में हुआ प्रदेश स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त सहयोग से आर्य पीजी कॉलेज के सभागार में लोकमान्य तिलक अंकनाद पहाड़े समावेश प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का वीरवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भारत ने हमेशा दुनिया को नेतृत्व दिया है। भारत दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता पहले भी रखता था। आज भी इस दिशा में भरसक प्रयास कर रहा है। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। उन्होंने कहा कि एक दौर ऐसा भी था जब दुनिया भर के लोग भारत में शिक्षा के लिए आते थे व इसमें निपुण होकर वापस अपने देश लौटते थे। यह सब अच्छी टैक्रोलॉजी के कारण था। आज हम भले ही तकनीकी की दुनिया में ऊंचाइयों को छू रहे हों लेकिन इस दिशा में हमें और प्रयास करने की नितांत जरूरत है।

#### लक्ष्य को प्राप्त करें

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने युवाओं को आह्वान किया कि वे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने आप को मजबूत करें। वर्तमान समय में भारत ताकतवर देशों की श्रेणी में पहुंच रहा है। उनके ये प्रयास देश के दम पर हो रहे हैं। युवाओं के दिमाग दुनिया को चुनौती दे सकते हैं। वर्तमान समय में दुनिया जिन हालातों से गुजर रही है उसमें भी भारत अर्थव्यवस्था को स्थापित करने में उसे मजबूत करने में लगा है। भारत का पूरा ध्यान खुद को मजबूत बनाने में लगा है। इस मौके पर अतिरिक्त डीसी डॉ. पंकज यादव, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनीता कादियान, मनीष गुप्ता के अलावा शिक्षा विभाग के कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

## मेयर कोमल सैनी ने सुविधा केंद्र का औचक निरीक्षण किया

- कर्मचारियों को निर्धारित समय पर नगर निगम कार्यालय में पहुंचने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। नागरिक सुविधा केंद्र में जनता से मिलती मेयर कोमल सैनी।

पानीपत नगर निगम मेयर कोमल सैनी ने वीरवार सुबह निगम कार्यालय, देवीलाल कॉम्प्लेक्स में नागरिक सुविधा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों को जनता के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए उनकी समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिक सुविधा केंद्र में आई जनता से भी संवाद किया। वहीं, निरीक्षण के दौरान कोमल सैनी ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करने के लिए जरूरी है कि उनकी बात को गंभीरता से सुना जाए और उनका काम किया जाए। वहीं, सैनी ने नागरिक सुविधा केंद्र में डोमिसाइल शाखा, जन्म मृत्यु पंजीकरण शाखा का भी निरीक्षण किया और मौके पर हाजिरी रजिस्टर की जांच करते हुए कर्मचारियों को निर्धारित समय पर नगर निगम कार्यालय में पहुंचने के निर्देश दिए।

### मोहन फैक्ट्री में आग से नुकसान

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 29 पार्ट 2 के प्लॉट नंबर 241 स्थित मोहन इंटरनेशनल में गत 15 अप्रैल को हुई आगजनी की घटना में लाखों का नुकसान होने का समाचार है। मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को करीब 11:40 बजे मोहन इंटरनेशनल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसकी सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

तब तक फैक्ट्री में रखा कच्चा व तैयार माल एवं मशीनें आदि जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत यह रही की आगजनी की इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ हालांकि आगजनी की इस घटना से फैक्ट्री मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है।

## हयूमन वेलफेयर घोटाले की जांच सीबीआई से करवाई जाए : कपूर

- उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को हयूमन वेल्फेयर पीड़ित समिति ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। हयूमन वेल्फेयर पीड़ित समिति के अध्यक्ष पीपी कपूर आदि ज्ञापन दिखाते हुए।

हयूमन कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले की जांच सीबीआई व ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों से कराने व सोसाइटी के एजेंटों, सुविधा केंद्र प्रबंधकों को अरेस्ट न करने की मांग जिला समाधान शिविर में की गई। इसके लिए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को हयूमन वेल्फेयर पीड़ित समिति ने ज्ञापन दिया है। इस ज्ञापन की प्रतियां राज्यपाल, मुख्यमंत्री, चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी को भी भेजी हैं व जल्द ही मुख्यमंत्री से पीड़ति समिति मिलेगी। वहीं, हयूमन वेलफेयर पीड़ति समिति के संरक्षक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि समाधान शिविर में डीएसपी (मुख्यालय) सतीश वत्स ने उन्हें आश्वासन दिया कि हयूमन सोसाइटी ठगी कांड में सिर्फ बड़े दोषियों को अरेस्ट किया जाएगा। सोसाइटी के साधारण एजेंटों व सुविधा केंद्र प्रबंधकों को पुलिस अरेस्ट नहीं करेगी। कॉमरेड कपूर ने ज्ञापन में बताया कि हयूमन सोसाइटी ने हरियाणा सहित देश के कई राज्यों में ठगी का जाल बिछा कर करीब 70,000 हजार करोड़ रुपये गरीब लोगों से ठगे हैं। इस अवसर पर हयूमन वेलफेयर पीड़ित सोसाइटी के संयोजक संजय, प्रिंस, विकास पंवार, मोहम्मद हाशिम, गुरप्रीत कौर, भारती, अमित गुप्ता, राजेश पालीवाल, संजय वर्मा, राम पाल मान, प्रिंस कक्कड़, सुभाष सैनी, धर्मेंद्र, राकेश सैनी, नरेश सैनी, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

---

## जीवों का आधार है परमात्मा: राधे

- श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सत्संग का आयोजन



पानीपत। श्रीमद् भागवत सुनाते हुए पंडित राधे राधे। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित दाऊजी महाराज के सानिध्य में चल रहे श्री अवध धाम मंदिर वार्षिक महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सत्संग समारोह को छठे दिवस पर प्रसिद्ध कथावाचक राधे राधे महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि जो लीला का स्वरूप था पहले वो सार्वजनिक नहीं था। अनाधिकारी व्यक्ति उसका आस्वादन नहीं कर सकता था। आज तो सब देके लेके कहीं भी कृष्ण नाच रहें हैं सब नाच रहें हैं और फिर जिसकी जैसी मर्जी वैसे नचा रहे हैं। ये विचित्र बात है। गोदी में बिठा लिए, इधर कर लिए, यहां कर लिए। राधे राधे महराज ने कहा कि मानो वो जीव है पर कृष्ण के स्वरूप में बड़ी सामर्थ्य है। उस स्वरूप में ही सामर्थ्य है। बड़ी मर्यादा के साद पहले लीला का स्वरूप होता था। इस अवसर पर दाऊ जी महाराज ने दुष्यंत भट्ट, डीएसपी राजवीर यादव, नवीन भाटिया को दुशाला उड़ा कर सम्मानित किया।

## दिव्यांगों की सेवा ही भगवान की सच्ची सेवा

- देने के लिए दान, लेने के लिए ज्ञान व त्यागने के लिए अभिमान की राह पर संगठन चल रहा : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन दिव्यांगों को हाथ रिक्शा भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

समाज सेवा संगठन की ओर से संगठन कार्यालय अग्रवाल मण्डी पर तीन दिव्यांग जनों को हाथ रिक्शा वितरित की गई। समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया संगठन के पास तीन जरूरत मंद दिव्यांग बच्चों की हाथ रिक्शा की डिमांड आई थी। जिसमें गुरमीत कच्चा कैंप, जसवीर इसराना सुशील राज नगर शामिल थे। संगठन के सदस्यों ने जांच कर उनका सहयोग करने का निर्णय लिया गया। वहीं, अग्रवाल मंडी कार्यालय पर मुख्य अतिथि समाज सेवी नवीन के सहयोग से तीन हाथ रिक्शा वितरित की गई। मुख्य अतिथि सुशील ने कहा कि संगठन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। हम सबको संगठन का सहयोग करना चाहिए। वहीं संगठन के प्रधान प्रवीण जैन ने कहा कि जरूरत मंद दिव्यांगों की सेवा भगवान की सच्ची सेवा के बराबर होती है। देने के लिए दान, लेने के लिए ज्ञान व त्यागने के लिए अभिमान की राह पर संगठन चल रहा है। इस अवसर पर प्रवीन जैन, नवीन, नीरज जैन, कैलाश जैन, भोला मेहता, विकास जैन, अनिल सिंगला, गोपी, सुभाष गोस्वामी व मनोज गांधी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पानीपत में सनौली रोड का चौड़ीकरण कार्य शुरू

- वंदे मातरम चौक से बबैल नाके तक पोल शिफ्टिंग होंगे, तीन करोड़ रुपये लागत आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



विधायक प्रमोद

पानीपत शहरी विधानसभा का प्रमुख मार्ग कहे जाने वाले सनौली रोड के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा, बीते वीरवार को विभाग द्वारा पोल शिफ्टिंग के आदेश जारी कर दिए गए हैं, लंबे समय से सड़क के चौड़ीकरण हेतु प्रयासरत रहे विधायक प्रमोद विज ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क के चौड़ीकरण से पूर्व बिजली के पोल की शिफ्टिंग का कार्य होगा, बाद में सड़क के चौड़ीकरण का भी कार्य प्रारंभ किया जाएगा। शहर में ट्रैफिक कम हो इसके लिए पुर्णतः प्रयासरत हुं। वंदे मातरम चौक से बबैल नाके तक सड़क के चौड़ीकरण से जाम की स्थिति में सुधार होगा एवं राहगीरों को भी आवागमन में आसानी के साथ-साथ समय की बचत होगी। वहीं 2 करोड़ 98 लाख की लागत से पोल शिफ्टिंग का कार्य होगा।

इधर, सनौली रोड पर सफर करने वालो नागरिकों ने विधायक विज का आभार जताया। जबकि विधायक विज ने कहा कि पानीपत विधानसभा क्षेत्र को समस्या मुक्त कर विकसित किया जाएगा।

---

### समस्याओं का जड़मूल से समाधान करें अधिकारी : डॉ. दहिया



पानीपत। जिला सचिवालय सभागार में जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि अधिकारियों को अब समस्याओं के समाधान को लेकर और गति प्रदान करनी होगी। कार्य में और दक्षता लाये व समय पर समस्याओं का समाधान करें। समाधान शिविर में आने वाली रोज की समस्याओं का कम से कम समय में समाधान होना चाहिए। डॉ. दहिया ने कहा कि अधिकारियों को अपने-अपने विभागों की समस्याओं पर संज्ञान लेकर उनका हल करना उनकी प्राथमिकता है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सूझबूझ से काम लेकर समस्याओं का समाधान करें। अधिकारियों का जज्बा समस्याओं के समाधान में दिखाई देना चाहिए। इस पर और ध्यान देने की आवश्यकता है। शिविर में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह ने सम्बंधित विभागों के समस्याओं की समीक्षा की।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया

## एमआईएस डायरी लिखने के विरोध में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। शिक्षक संगठनों के पदाधिकारीगण डीईओ राकेश बूरा को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

शिक्षा विभाग के ऑन लाइन एमआईएस डायरी लिखने के फरमान के विरोध में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, पानीपत व हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स संगठन जिला द्वारा जिला प्रधान रविंद्र कुमार व जिला महासचिव राजकुमार जांगड़ा व हसला प्रधान अजेंद्र कुंडू के नेतृत्त्व में डीईओ को अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। व प्रदर्शन किया। वहीं डीईओ ने उन्हें विश्वास दिलाया की शीघ्र ही इसे विभाग के पास भेज दिया जाएगा। ज्ञापन बताया गया है कि डायरी अपडेट करने के लिए विभाग द्वारा जो आदेश जारी किये गए हैं वो सरासर गलत एवं अव्यावहारिक हैं। एक प्राथमिक शिक्षक जिसके पास कई-कई कक्षाएं भी होती हैं। उसके लिए उन कक्षाओं के विषयों की एमआईएस पर डायरी अपडेट करना संभव नहीं है। इसमें समय भी बहुत व्यर्थ होगा तथा तकनीकि समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। इस अवसर पर राजेश कुमार, हरिओम, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, प्रेम हुसैन, राकेश कुमार, खंड समालखा प्रधान लख्मी चंद, रघुबीर सिंह, मतलोडा जयदीप, विक्रम पानू, नारायण सिंह, राजपाल मित्तल, बृजेश सिंह, सुरेन्द्र कुमार राठी सदस्य अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, प्रदीप रंगा, दुष्यंत, जगबीर, रवि, सुनील, जितेंद्र, प्रवेश, बलबीर शास्त्री, संजय कुमार, प्रदीप, पैटर्न सुनील, विपिन कुंडू आदि मौजूद रहे।

### मणि ने संभाली रिफाइनरी में सीआईएसएफ की कमान



दीपक मणि तिवारी

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई में दीपक मणि तिवारी ने कमांडेंट का पदभार संभाल लिया। इससे पहले तिवारी मुंबई में तैनात थे। वहीं कमांडेंट दीपक मणि तिवारी ने बताया कि उन्होंने 15 वर्ष पहले यूपीएससी की परीक्षा पास कर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सहायक कमांडेंट के पद पर ज्वाइन किया था। उनकी पहली पोस्टिंग दिल्ली मेट्रो में हुई थी। देश के औद्योगिक संस्थानोंए ऐतिहासिक धरोहरों के साथ साथ संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों पर काम किया है।

**खबर संक्षेप**

### 19 को उपमंडल में आएगी यात्रा

**नारायणगढ़।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के अन्तर्गत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) 19 अप्रैल को उपमंडल में प्रवेश करेगी। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान को लेकर यह साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) 5 अप्रैल से हिसार से शुरू हुई है जोकि प्रदेश के सभी 22 जिलों को कवर करते हुए ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश दे रही है।

### एसडीएम ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिये। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 10 शिकायतें आई जिनमें परिवार पहचान पत्र, बिजली, प्रॉपर्टी आईडी आदि शामिल थी।

### शिक्षा ही महिला सशक्तिकरण की कुंजी

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह ने शिक्षा, संस्कृति और सशक्तिकरण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं के प्रयासों को सराहा और उनके भविष्य के लिए प्रेरक शब्द दिए। सैनी द्वारा पौधारोपण किया गया।

### विस्तार व्याख्यान का किया आयोजन

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. खुशीला के निर्देशन में इतिहास विभाग के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद इद्रीश पूर्व अध्यक्ष इतिहास विभाग पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से रहे। जिनका विषय मध्यकालीन साहित्य और इतिहास व सूफी संतों की विचारधारा रहा। मुख्य वक्ता ने मध्यकालीन भारत के साथ-साथ सूफी मत के उदभव व विकास पर प्रकाश डालते हुए भारतीय समाज पर पड़े उनके गहरे समन्वय वादी प्रभावों को रेखांकित किया।

## उत्तराखंड में चार धाम यात्रा तक परमिट की बढ़े अवधि

# टैक्सी ऑपरेटरों ने ऑल इंडिया परमिट की अवधि 12 वर्ष तक बढ़ाने का किया आग्रह

- परिवहन मंत्री बोले समस्या का होगा समाधन
- विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज के समक्ष वीरवार को टैक्सी ऑपरेटरों ने अपनी समस्या रखी। राज्य सरकार से अदर स्टेट में ऑल इंडिया का परमिट नौ वर्ष से 12 वर्ष करने की मांग उठाई। परिवहन मंत्री अनिल विज वीरवार को अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। दर्जनों टैक्सी ऑपरेटरों ने अपनी शिकायत देते हुए कहा कि अदर स्टेट में ऑल इंडिया का परमिट 12 वर्ष का होता है जबकि चंडीगढ़ व पंजाब में भी यह परमिट 12 वर्ष अवधि का है मगर प्रदेश में यह नौ वर्ष का है। टैक्सी ऑपरेटरों ने इस परमिट अवधि को नौ से 12 वर्ष करने की मांग उठाई। परिवहन मंत्री अनिल विज ने टैक्सी ऑपरेटर को मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

ऑपरेटरों ने यह मांग भी उठाई कि इस वर्ष उत्तराखंड सरकार अदर स्टेट टैक्सी को केवल 15 दिन की पासिंग दे रहे हैं जबकि पहले यह जब तक चार धाम यात्रा चलती थी तब तक परमिशन मिलती थी। उन्होंने कहा हमने ऑल इंडिया टैक्स भरा हुआ है। ऑपरेटरों ने परिवहन मंत्री से इस बारे में उत्तराखंड सरकार से बात कर उन्हें चार धाम यात्रा चलने तक अनुमति देने की मांग की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस मामले में वह उत्तराखंड मुख्यमंत्री से पत्राचार कर समस्या को हल कराने का प्रयास करेंगे।



अंबाला। अनिल विज आवास पर लगी लोगों की लाइनें। फोटो : हरिभूमि

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

कैबिनेट मंत्री अनिल विज से अंबाला छावनी के व्यक्ति ने अपनी शिकायत देते हुए कहा कि उसके बेटे से एजेंट ने कनाडा भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपए की ठगी की। पहले कनाडा भेजने को कहा गया, मगर बाद में वह उसे ऑस्ट्रेलिया भेजने लगे थे। इसके बाद उसके बेटे को विदेश नहीं भेजा गया। मंत्री अनिल विज ने मामले में आईजी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### एक ही फैमिली आईडी पर लगा दिए छह मीटर

ऊर्जा मंत्री अनिल विज को 12 क्रास रोड की रहने वाली एक महिला ने शिकायत देते हुए कहा कि वह बामुश्किल अपना घर चलाते हैं और उनका छोटा सा घर है। मगर बिजली विभाग ने उनकी एक फैमिली आईडी पर छह बिजली मीटर लगा दिए हैं जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मामले में मौके पर बिजली बिजली अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। विज को बोह के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत देते हुए बताया कि उसकी खेती की जमीन कुछ समय पूर्व कुछ लोगों ने खरीद ली थी, मगर इसकी राशि अब तक उसे नहीं दी गई है। अब राशि देने से खरीदार मना कर रहे हैं। मामले में मंत्री ने डीएसपी अंबाला कैंट को जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार राम किशन कॉलोनी के व्यक्ति ने बताया कि तहसील कार्यालय में उसकी जमीन का इंतकाल नहीं हो रहा है जबकि उसके जमीन के कागजात पूरे हैं। इस मामले में मंत्री विज ने एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए।



अंबाला। उपायुक्त का अभिनंदन करते लॉ ऑफिसर्स। फोटो : हरिभूमि

# अदालतों में मजबूती से पैरवी करें लॉ ऑफिसर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

**डीसी ने समीक्षा के दौरान दिए निर्देश**

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को अपने कार्यालय में न्यायालय से जुड़े लॉ ऑफिसर के साथ बैठक लेते हुए कानूनी प्रक्रिया के तहत कोर्ट केसों, चिह्नित अपराध व कोर्ट से जुड़े अन्य केसों के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की। इस मौके पर जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह व अन्य लॉ ऑफिसर ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। उपायुक्त ने सभी लॉ अधिकारियों से अदालतों में मजबूती से पैरवी करने के निर्देश दिए ताकि केस से जुड़े आरोपी को नियमानुसार सजा दिलवाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि चिह्नित अपराधों के तहत केसों की समीक्षा के तहत प्रतिमाह बैठक लेकर जानकारी भी ली जाती है, इसके साथ-साथ उन्होंने सिविल केसों के साथ-साथ लॉ ऑफिसर के लिए भवन बनाने व आवासीय भवन बनाने बारे भी चर्चा की। जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह ने उपायुक्त को बताया कि सभी केसों में डिप्टी डीए व एडीए द्वारा कानूनी प्रक्रिया के तहत पूरी मजबूती के साथ कार्य किया जाता है। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अमित भारद्वाज, जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह, उप न्यायवादी राजेश ढुल, उप न्यायवादी दलीप आदि मौजूद थे।

# राहुल-सोनिया के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में बदले की भावना से कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

प्रवर्तन निदेशालय की ओर से नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉड्रिंग केस में दाखिल चार्जशीट में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी आरोपी बनाए जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा बदले की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के इशारे पर ईडी ने कांग्रेस के दोनों नेताओं का नाम चार्जशीट में दिया है ताकि कांग्रेस को साजिशन देशभर में बदनाम किया जा सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि 'मोदी-शाह' शासन की विपक्ष के खिलाफ प्रतिशोध की कोई सीमा नहीं है।

सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ प्रतिशोध की राजनीति से प्रेरित और मनगढ़ंत नेशनल हेराल्ड मामले का उपयोग करना, विपक्ष की आवाज को दबाने और चुप कराने के उनके प्रयास का एक स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अपने नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा की जा रही बदले की कार्रवाई पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

उन्होंने हर कांग्रेसी से सड़क पर उतरकर भाजपा सरकार का विरोध करने का भी आह्वान किया। जैन ने दावा किया कि इससे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की हताशा की बू आती है, क्योंकि वे लोगों की चिंताओं को दूर करने में विफल हो रहे हैं और लगातार ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वे भूल गए हैं कि यह गांधी परिवार है जिसने देश के लिए अपना खून दिया है। वो एजेंसियों का उपयोग करते हुए, हमें रोक नहीं पाएंगे।

एडवोकेट रोहित जैन ने कहा की भाजपा सरकार ने तानाशाही अपनाते हुए हमारे नेताओं के साथ जोर जबरदस्ती करते हुए ईडी का दुरुपयोग कर सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट की है। जैन ने कहा यह लड़ाई केवल सोनिया गांधी व राहुल गांधी की अकेलों की नहीं है बल्कि यह लड़ाई है सच्चाई और झूठ की, तानाशाह की, आम लोगों की, लोकतंत्र की, बेरोजगार युवा की, गरीब की, छोटे व्यापारी की, मजदूर की, किसान की। हर एक की लड़ाई को राहुल गांधी लड़ रहे हैं और हम चट्टान की तरह उनके साथ खड़े होकर इस लड़ाई में जीत हासिल करेंगे।

भाजपा द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध से इस प्रकार की कार्रवाई करके राहुल गांधी की आवाज को दबाने चाहते हैं। जैन ने दोहराया कि 'वास्तव में, यह कार्रवाई केवल इस विभाजनकारी, विनाशकारी शासन के खिलाफ हमारे संकल्प को और मजबूत करने जा रही है। लोकतंत्र में अपनी बात करने का सबको अधिकार है। हम कांग्रेसी इस तरह की सरकार की तानाशाही का हर प्रकार से विरोध करेंगे।

# आने वाली पीढ़ियां सभ्यता-संस्कृति जान सके इसलिए विरासत को सहेजने के लिए करने होंगे गंभीर प्रयास

- डीएवी कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से विश्व विरासत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) के इतिहास विभाग द्वारा विश्व विरासत दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान करवाया गया। जिसका विषय 'ऐतिहासिक स्मारक एवं जल संरक्षण' रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनीत भनवाला, हेरिटेज कंसल्टेंट एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा रहे।

कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी विरासत को सहजने के गंभीर प्रयास करने होंगे ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारी सभ्यता व संस्कृति से परिचित हो सके। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनीत भनवाला ने प्राचीन व मध्यकालीन जल स्त्रोतों से सम्बन्धित स्मारकों के निर्माण में प्रयोग तकनीक पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने इन ऐतिहासिक इमारतों में बावड़ी, कुएं, झील व तालाब निर्माण के विषय में बताते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में इन स्मारकों की भरमार है। इमारतों का निर्माण कहां किया गया यह वहां कि भौगोलिक परिस्थिति पर निर्भर करता है। इन स्मारकों का निर्माण शासक वर्ग के अतिरिक्त कुलीन परिवारों द्वारा भी करवाया जाता था। भारत में जल स्त्रोतों से संबंधित इमारतें बनवाना एक धार्मिक एवं पुण्य कृत्य माना जाता है। इसलिए इन स्मारकों का ऐतिहासिक महत्व के अतिरिक्त सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व भी है।

इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान करवाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने विरासत स्थलों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता पैदा करना है। चाँद सिंह ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें अपनी ऐतिहासिक इमारतों से सीख लेने की आवश्यकता है। हमारे पूर्वज बिजली व ट्यूबल आने से पूर्व किस प्रकार अपने जल संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग करते थे यह हमें इतिहास से सीखना होगा। तभी हम आने वाले जल संकट का समाधान करने में सक्षम हो सकते हैं।



अंबाला। मुख्यअतिथि को पौधा देकर सम्मानित करते हुए प्रोफेसर डॉ. चांद सिंह।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रेखा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आरएस. परमार, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, प्रोफेसर प्रियंका मलिक, प्रोफेसर सिम्मी सभ्रवाल, डॉ. दर्शन लाल, डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. जसमेर, प्रोफेसर शिवानी डावर, प्रोफेसर शांत कौशिक, डॉ. अतिमुक्त जैन, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. मधु गोयल, प्रोफेसर मीना मलिक व डॉ. सुखदेव सिंह उपस्थित रहे। साथ ही विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लिया।



बराड़ा। शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## छात्र कई जानवरों को बिल्कुल पास से देखकर हुए रोमांचित

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालय के छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने हाल ही में गांव थम्बड़ में स्थित एक फार्म का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों को प्राकृतिक परिवेश से जोड़ते हुए फार्म जीवन और पालतू जानवरों के बारे में व्यावहारिक जानकारी देना था। बच्चों ने गाय, बकरी, भेड़, मुर्गी और घोड़े जैसे फार्म जानवरों को नजदीक से देखा और उनके जीवन शैली के बारे में सीखा। एनिमल कॉर्नर में इन जानवरों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया, जहाँ बच्चों को यह समझने का अवसर मिला कि ये जानवर फार्म पर कैसे रहते हैं और मनुष्य के जीवन में किस प्रकार सहायक होते हैं। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों को बताया कि मुर्गियाँ अंडे देती हैं, गाय और बकरियाँ पौष्टिक दूध प्रदान करती हैं, और घोड़े आदि खेल व अवकाश गतिविधियों में भी उपयोगी होते हैं। यह भी बताया गया कि ये जानवर सिर्फ संसाधन नहीं, बल्कि स्नेह और आनंद के स्रोत भी हैं। विद्यालय प्रशासन ने इस अनुभव को बच्चों के लिए एक मजेदार और ज्ञानवर्धक गतिविधि बताया, जिससे बच्चों में जिज्ञासा बढ़ती है और वे व्यवहारिक रूप से सीखने के लिए प्रेरित होते हैं।

## बस स्टैंड से महिला का बैग चोरी

**अंबाला।** अंबाला कैंट के बस स्टैंड पर चोरों के हौसले बुलंद हैं। वीरवार को एक महिला के बैग को लेकर एक व्यक्ति फरार हो गया। महिला ने जब बैग ढूंढा तो बैग वहां नहीं मिला। जिसके बाद उसने अड्डा इंचार्ज से अपनी शिकायत की। मामले में अड्डे इंचार्ज ने सीसीटीवी उपलब्ध कराई इसके साथ ही इसकी सूचना पुलिस को भी दे दी गई। शिकायत देते हुए महिला ने बताया कि वह बस अड्डे पर ही बने शौचालय में गई थी। इस दौरान बैग को बाहर सीढ़ियों पर रख गई। जैसे ही वह शौचालय से बाहर आई तो उसका बैग सीढ़ियों से गायब मिला। जिसके बाद महिला ने सीसीटीवी के लिए अड्डा इंचार्ज से संपर्क किया। सीसीटीवी में कैद हुआ कि एक युवक उसका बैग उठा कर ले जा रहा है। महिला के अनुसार उस बैग में उसके जरूरी कागजात शामिकल थे। बैग में नगदी और अन्य कीमती सामान तो नहीं थे। वह अपने जरूरी कागजात को लेकर अंबाला से चंडीगढ़ किसी निजी काम से जा रही थी। तभी यह सब हुआ। अब इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है। बैग को चुराने वाले की पहचान की जा रही है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# सरकारी स्कूलों में कम होती छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए फील्ड में उतरे शिक्षक

- ग्रामीणों को निरंतर कर रहे हैं जागरुक, खानपुर में आयोजित किया गया सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ब्लॉक साहा के राजकीय उच्च विद्यालय खानपुर में मोहड़ा डाइट से आए डॉक्टर पवन कुमार वत्स व डॉक्टर साधना ने एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका आयोजन हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के रहनुमाई में किया गया।

इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य राजकीय स्कूलों में घट रही बच्चों की संख्या को बढ़ावा देने के लिए था। इस सेमिनार में गांव खानपुर की पंचायत के सदस्य, शिक्षाविद, आंगनबाडी कर्मचारी, राजकीय प्राथमिक स्कूल खानपुर के अध्यापक, राजकीय उच्च विद्यालय खानपुर का सारा स्टाफ, बच्चों के अभिवक को शामिल किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर पवन कुमार वत्स व डॉक्टर साधना ने सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया, जिसमें मुफ्त दाखिला, मुफ्त किताबें, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त खाना, मुफ्त में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, नौवीं कक्षा से लडकियों को मुफ्त साइकिल, अच्छी बिल्डिंग, खेलों में, सांस्कृतिक कार्यक्रम भाग लेने में पूरा सहयोग, सरकार द्वारा एससी बीसी व बीपीएल परिवार के बच्चो को वजीफा, उच्च गुणवत्ता, पढ़ा लिखा व योग्य स्टाफ, साफ सुथरे शौचालय, खेलने का मैदान, समय समय पर ऐतिहासिक स्थान पर भ्रमण और किसी भी उच्च शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों को प्राथमिकता व 10 % अंक की वरीयता आदि सरकार द्वारा चलाई का रही स्कीमों के बारे में बताया। आसपास के लोगों के बच्चो को सरकारी स्कूलों में दाखिल कराने की विनती की।

इन सुविधाओं को सुनकर गांव की पंचायत के सरपंच अंग्रेज सिंह व सदस्यो विजय कुमार व ज्ञान सिंह, बैठक में मौजूद सभी आंगनवाड़ी कर्मचारी सपना रानी व सुनीता रानी ने स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने में पूरा सहयोग देने का वादा किया।

इस अवसर राजकीय उच्च विद्यालय खानपुर के मुख्याध्यापक जसमेर सिंह, अध्यापक महेंद्र कुमार शर्मा, अध्यापिका अंजलि कुमारी ने सभा में मौजूद लोगों का धन्यवाद किया।



अंबाला। ग्रामीणों को जागरूक करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# हिंदी काव्य मंच 'कविशाला' पर दो करोड़ पाठकों की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



हिंदी साहित्य के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कवि, लेखक और आलोचक शैलेंद्र रंगा की प्रेरणादायक कविताओं और लेखों ने 'कविशाला' ऐप पर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उनकी रचनाओं को अब तक 20 मिलियन यानी 2 करोड़ पाठकों ने पढ़ा है।

कविशाला, हिंदी साहित्य को समर्पित एक प्रमुख मंच है, जो देश और विदेश के पाठकों के बीच साहित्यिक संवाद स्थापित करता है। रंगा की रचनाएं उनके गहरे विचार, सामाजिक मुद्दों पर सशक्त दृष्टिकोण और भावनात्मक गहराई के लिए विशेष रूप से सराही जाती हैं।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए एसए जैन कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर शैलेंद्र रंगा ने कहा, 'यह सफलता केवल मेरी नहीं बल्कि हिंदी साहित्य के प्रति बढ़ती रुचि और उसके प्रति पाठकों के गहरे लगाव की प्रतीक है। मैं उन सभी पाठकों का आभारी हूं जिन्होंने मेरी रचनाओं को पढ़ा और सराहा। कविशाला टीम ने भी इस अवसर पर शैलेंद्र रंगा को बधाई दी और बताया कि उनकी रचनाएं युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह उपलब्धि हिंदी साहित्य के प्रसार और प्रासंगिकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। शैलेंद्र रंगा की कविताएं सामाजिक मुद्दों, पाखंड, अशिक्षा, लैंगिक भेदभाव , वैज्ञानिकता जैसे विषयों पर लिखी गई है। इनके सबसे चर्चित कविता 'कड़वी कविता' है।

## पूर्व मंत्री असीम गोयल ने लोगों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# बरसाती सीजन से पहले एनएचएआई को सभी नाले साफ करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अंबाला शहर स्थित अपने निवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निपटारा किया। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग इलाकों से आये लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी शिकायतों व समस्याओं को असीम गोयल के समक्ष रखा। ऐसे में असीम गोयल ने अधिकारियों को समस्या निदान के निर्देश दिए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि लोगों को किसी तरह की दिक्कत न आए इसलिए जनता की समस्याएं हर सप्ताह सुनी जाती है। इस दौरान डिप्टी मेयर राजेश मेहता,सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य मनीष आंनद,सरदूल सिंह,शोभा पुनिया, फकीर चंद भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सूद, दिनेश लदाना व भाजपा नेता पिंकू सूद, संजीव गोयल,रितेश गोयल, चनप्रीत सिंह, जसविंदर आदि मौजूद रहे।



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री। फोटो : हरिभूमि

**नाले साफ करवाने के निर्देश**

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बरसाती सीजन के दौरान अंबाला की ड्रेनेज व जलभराव की समस्या को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। जिसमें विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उनके अंडर आने वाली ड्रेंस की वे योजना बनाकर सफाई करें ताकि अंबाला को बरसात के सीजन के दौरान दिक्कत न आए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कांग्रेसी अपने आका के आदेश पर प्रदर्शन कर रहे हैं ये लूट का लाइसेंस मांग रहे हैं। सविंधान लूट की इजाजत नही देता। कोर्ट और एजेंसियां इस मामले को देख रही हैं।एजेंसी किसी के कहने पर काम नही करती। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा उल्टा राहुल गांधी ब्यान दे रहे है। कि जब हम सत्ता में आएंगे तो एजेंसी का ऐसा दुरपयोग करेंगे कि रूह तक कांप जाएंगी। असीम गोयल ने कहा जनता इस प्रकार का पोछा कांग्रेस पर लगा रही है कि कांग्रेस का नाम भी नहीं रहेगा।